**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, कृषि मौसम विभाग**
**जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र**
**डा0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय**
**पूसा,समस्तीपुर (बिहार)–848125**

**बुलेटिन संख्या–64**
**दिनांक– मंगलवार, 26 अगस्त, 2025**

## विगत मौसम पूर्वानुमान अवधि का आकलन

मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 31.9 एवं 25.1 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 91.3 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 79.7 प्रतिशत, हवा की औसत गति 15.1 कि0मी0 प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 4.1 मि0मी0 तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 6.8 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से0मी0 की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 28.9 एवं दोपहर में 35.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में 4.7 मि0मी0 वर्षा रिकार्ड हुई।

## मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान
## (27–31 अगस्त, 2025)

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डा0आर0पी0सी0ए0यू0, पूसा, समस्तीपुर एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी 27–31 अगस्त, 2025 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसारः–

- पूर्वानुमानित अवधि में आसमान में हलके बादल देखे जा सकते है। फिलहाल वर्षा होने की सम्भावना कम है, स्थानीय तौर पर एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है।
- इस अवधि में अधिकतम तापमान 33–35 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। न्यूनतम तापमान 26–28 डिग्री सेल्सियस के आस–पास रह सकता है।
- सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 85–90 प्रतिशत के आसपास तथा दोपहर में 45 प्रतिशत रहने की संभावना है।
- पूर्वानुमानित अवधि में औसतन 10 से 15 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से पूर्वा हवा चलने की संभावना है।

## समसामयिक सुझाव

- सितम्बर अरहर की बुआई के लिए खेत की तैयारी करे। अरहर की राजेन्द्र–1, पूसा–9 तथा शरद प्रभेद उत्तर बिहार के लिए अनुसंशित है। बुआई के समय प्रति हेक्टेयर 20 किलोग्राम नेत्रजन, 45 किलोग्राम स्फुर,20 किलोग्राम पोटाष तथा 20 किलोग्राम सल्फर का व्यवहार करें। बुआई के 24 घंटे पूर्व 2.5 ग्राम थीरम दवा से प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचार करे। बुआई के ठीक पहले उपचारित बीज को उचित राईजोबियम कल्चर से उपचारित कर बुआई करनी चाहिए।
- धान की फसल में ब्राउन प्लांट होपर कीट की निगराणी करे। यह मच्छरनुमा कीट पौधा की पत्तियों एवं तने से रस चुसता है जिससे पत्तिया सुखी हुई तथा भुरे रंग की हो जाती है। प्रारंभ में यह एक स्थान में रहते है जो बाद में सारे खेत में फैल जाते हैं एवं कभी–कभी यह सारी फसल को नष्ट कर देती है। यदि प्रकोप दिखाई दें तो इमिडाक्लोरोप्रिड / 0.3 मी.ली. प्रति लीटर पानी की दर से घोल कर आसमान साफ रहने पर छिड़काव करें।
- धान की फसल में खैरा बीमारी दिखाई पड़ने पर खेतों में जिंक सल्फेट 5.0 किलोग्राम तथा 2.5 किलोग्राम बुझा चूना का 500 लीटर पानी में घोल बना कर एक हेक्टेयर में छिड़काव आसमान साफ रहने पर ही करें। पिछात धान की फसल में खरपतवार नियंत्रण के कार्य को प्राथमिकता दें।
- टमाटर की नर्सरी उथली क्यारियों में पंक्तियों में गिरावें। इसके लिए काशी विशेष, काशी अमन, स्वर्ण लालिमा, स्वर्ण नवीन, अर्का आभा किस्में अनुशंसित है। बीज दर 200 से 250 ग्राम प्रति हेक्टेयर रखें। सब्जियों की नर्सरी में लाही, सफेद मक्खी व चूसक कीड़ों की निगरानी करें।
- भिंडी की फसल में पीला मोजैक वायरस से ग्रस्त पौधों की निगरानी करें। यह रोग सफेद मक्खी द्वारा फैलता है। इसमें पौधे की शिराए पीली होकर मोटी हो जाती है और बाद में पत्तियाँ भी पीली परने लगती है। बीमारी की उग्र अवस्था में तने एवं फलों का रंग भी पीला पर जाता है। रोगग्रस्त पौधा एवं फलियाँ छोटे रह जाते है। रोग के विस्तार से बचाव के लिए इमिडाक्लोप्रिड एक मी०ली० प्रति ३ लीटर पानी की दर से घोल बनाकर आसमान साफ रहने पर छिड़काव करें।
- पत्तागोभी की अगात किस्मों की बुआई नर्सरी में करें। इसके लिए पुसा अगेती एवं पुसा ड्रम हेड किस्में अनुशंसित है।
- मूली की अगात बुआई के लिए *पूसा चेतकी, पूसा देशी, पूसा हिमानी,, पूसा रश्मि, जापानी सफेद, पंजाब सफेद, अर्का निशान्त* आदि प्रभेदों की बुआई करें। बीज दर ४ से ५ कि०ग्रा० प्रति हेक्टेयर तथा २५ × १० से०मी० की दुरी पर बुआई करें।
- फूलगोभी की मध्यकालीन किस्में अगहनी, पूसी, पटना मेन, पूसा सिन्थेटिक–1, पूसा शुभ्रा, पूसा शरद, पूसा मेघना, काशी कुवॉरी एवं अर्ली स्नोबॉल किस्मों की बुआई नर्सरी में करें। उपचारित बीज उथली क्यारियों मे पंक्तियों में गिराये।
- पपीता की नर्सरी उथली क्यारियों (10–15 सेन्टी मीटर ऊँची) में बोयें। इसके लिए उन्नत प्रभेद पूसा ड्वार्फ, पूसा नन्हा, पूसा डीलीसीयस, सी0ओ0– 07, अर्का सुर्या एवं रेड लेडी है। बीजदर 300–350 ग्राम प्रति हेक्टेयर रखें। बीज को वैविस्टन 2 ग्राम प्रति किलोग्राम की दर से उपचारित कर क्यारियों में 07–10 सेन्टीमीटर की दूरी पर बोयें।

| | |
|---|---|
| आज का अधिकतम तापमानः 33.8 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 0.9 डिग्री सेल्सियस अधिक | आज का न्यूनतम तापमानः 25.2 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस कम |

(डॉ0 ए. सत्तार)
नोडल पदाधिकारी